कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय

**स्नातक तृतीय वर्ष (कला संकाय)**

## ***<u>प्रश्नावली : हिन्दी साहित्य</u>***

# प्रश्नपत्र प्रथमः आधुनिक काव्य

**(सत्र: 2020-21)**

*<u>कुल प्रश्न संख्या -32</u>*

***<u>कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'</u>***

**1.**कवि हरिऔध का जीवन परिचय देते हुए उनके काव्य कृतियों का के बारे में विस्तृत चर्चा कीजिए।

**2.**कवि हरिऔध कृत महाकाव्य 'प्रियप्रवास' की मूल चेतना और विषय वस्तु को स्पष्ट कीजिए।

**3.**महाकाव्य प्रियप्रवास के पठित काव्यांश के आधार पर राधा के परोपकारी चरित्र का विस्तार से चित्रण कीजिए।

**4.**महाकाव्य प्रियप्रवास के संकलित अंश के काव्य सौंदर्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

***कवि मैथिलीशरण गुप्त***

**5.** साकेत महाकाव्य के नवम सर्ग की विशिष्टता और महत्ता के कारणों और उसके स्वरूप को समझाइए।

**6.** कल मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्रकवि क्यों कहा जाता है? उनके जीवन परिचय और कृतियों पर प्रकाश डालि।

**7.**यशोधरा खंडकाव्य की मूल संवेदना को सउदाहरण समझाइए।

**8.**पठित यशोधरा काव्यांश के आधार पर यशोधरा के मनोभावों व मानसिकता को स्पष्ट करते हुए उसका चरित्र चित्रण कीजिए।

***कवि जयशंकर प्रसाद***

**9.** 'आंसू' काव्य की मूल चेतना को स्पष्ट कीजिए और बताइए कि यह कृति निराशा भाव को प्रेरित करती है या कुछ और भी संकेत देती है?

**10.**संकलित काव्यांशों के आधार पर कवि जयशंकर प्रसाद के काव्य शिल्प की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**11.**कामायनी महाकाव्य के श्रद्धा सर्ग के प्रतिपाद्य और उसके वैशिष्ट्य को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**12.**संकलित काव्यांश के आधार पर श्रद्धा और मनु की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

***कवि सुमित्रानंदन पंत***

**13.**छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की भाषा, अलंकार योजना और भाषा में आई चित्रात्मकता पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

**14.**सुमित्रानंदन पंत की काव्य सौंदर्य को स-उदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**15.**पंत जी की 'मौन निमंत्रण' शीर्षक कविता के भावात्मक एवं कलात्मक सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

**16.**पंत जी की संकलित कविताओं के आधार पर उनके प्रकृति चित्रण की विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए।

***कवि अज्ञेय***

**17.**हिंदी साहित्य के आधुनिक काल में प्रयोगवादी युग से आप क्या समझते हैं इस युग के प्रवर्तक कवि अज्ञेय का जीवन परिचय प्रस्तुत कीजिए।

**18.** 'यह दीप अकेला' कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट करते हुए, इसके कलात्मक सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

**19.** 'बावरा अहेरी' और 'भीतर जागा दाता' कविताओं के भावात्मक एवं कलात्मक सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए।

**20.**"अज्ञेय नयी कविता के शलाका पुरुष हैं"
कथन के आधार पर अज्ञेय की काव्य यात्रा पर एक लेख लिखिए।

***कवि गजानन माधव'मुक्तिबोध'***

**21.** कवि मुक्तिबोध का जीवन परिचय देते हुए उनकी काव्य कृतियों का परिचय दीजिए।

**22.** 'दूर तारा' तथा 'खोल आँखें' कविता के भावात्मक एवं कलात्मक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

**23.** 'जन जन का चेहरा एक' कविता के अंतर्गत कवि के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए इस कविता में व्यक्त मानव मूल्यों पर प्रकाश डालिए।

**24.**कवि मुक्तिबोध के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

***<u>कवि सुदामा पाण्डेय 'धूमिल'</u>***

**25.** "साठोत्तर कवियों में धूमिल का विशेष स्थान है" इस कथन को स्पष्ट करते हुए उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए।

**26.** 'मोचीराम' शीर्षक कविता की मूल संवेदना को उद्घाटित कीजिए।

**27.** कवि 'धूमिल' की कविताओं को पढ़ने से लगता है कि उनकी कविताओं में आम आदमी की स्थिति के चित्र विशेष रूप से अंकित हुए हैं, इस कथन को संकलित कविताओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**28.** 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता की प्रेरणा भूमि और उसकी मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

***<u>कवि दुष्यंत कुमार</u>***

**29.** सिद्ध कीजिए कि कवि दुष्यंत कुमार की कविताएँ, भाव पक्ष और कला पक्ष, दोनों दृष्टि यों से सफल एवं समर्थ हैं।

**30.** दुष्यंत कुमार ने ग़ज़ल को हुस्न और इश्क के पारंपरिक परिवेश से निकालकर, मुक्ताकाश दिया इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? प्रमाण सहित उत्तर दीजिए।

**31.**दुष्यंत कुमार की 'साए में धूप' गजल संग्रह के वर्ण्य विषय को स्पष्ट कीजिए।

**32.** "दुष्यंत कुमार का काव्य, समसामयिकता का दर्पण है" इस कथन की विवेचना कीजिए।

***शिक्षार्थी ध्यान दें*:-**

**1.** उपर्युक्त प्रत्येक निबंधात्मक प्रश्न के **15**अंक तथा शब्द सीमा **500** है।

-कुल **4** प्रश्न करने होंगे सभी में आंतरिक विकल्प दिया जाएगा।

कुल अंक **60.**

-एक प्रश्न आधुनिक काल के नामकरण /परिस्थितियाँ/ प्रवृत्तियों से संबंधित भी पूछा जाएगा।

**2.** इन प्रश्नों के अतिरिक्त पाठ्यक्रम में दिये गये कवियों के कव्यांश से आंतरिक विकल्प के साथ **4** व्याख्याएँ प्रत्येक **10** अंक की भी आएंगी।

कुल अंक **40.**

---

डॉ. शीताभ शर्मा _ सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग